**PRINT**

# सन्मार्ग

| Regional News Paper | Edition: Ranchi (Jharkhand) | Circulation: 111782 |
| --- | --- | --- |
| Date: 28.07.2026 | Page No | Serial No.: |

# CISF ने 310 टन अवैध कोयला किया जब्त



अवैध कोयला जब्त करते सीआईएसएफ एवं ईसीएल के सुरक्षा कर्मी

जितेन्द्र, सन्मार्ग संवाददाता

**सांकतोड़िया :** ईसीएल क्षेत्र में अवैध खनन और कोयला तस्करी के खिलाफ सीआईएसएफ ने एक सप्ताह के भीतर ऐसी कार्रवाई की है, जिसने पूरे अवैध नेटवर्क में हड़कंप मचा दिया है। लगातार चलाए गए विशेष अभियान में 310 टन अवैध कोयला जब्त किया गया। इसके अलावा तस्करी में इस्तेमाल की जा रही दर्जनों साइकिलें और मोटर साइकिलें भी जब्त की गई हैं। यही नहीं, सीआईएसएफ की निगरानी और प्रशासन की मौजूदगी में करीब दो दर्जन अवैध खदानों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया, जिससे अवैध खनन करने वालों को बड़ा झटका लगा है। सूत्रों के अनुसार, यह अभियान दिन-रात लगातार चलाया गया। सीआईएसएफ की टीमों ने कई संवेदनशील इलाकों में छापेमारी कर अवैध कोयला भंडारण, परिवहन और खनन के ठिकानों को निशाना बनाया। कार्रवाई के दौरान कई वाहन, उपकरण और अन्य सामग्री भी जब्त की गई। सीआईएसएफ कमांडेंट राहुल सिंह गौतम का कहना है कि अवैध खनन और कोयला तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज किया जाएगा तथा अवैध कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह नियमित अभियान चलता रहा तो अवैध खनन और कोयला तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है।